Need to provide separate building for Passport Seva Kendra and Aadhar Seva Kendra presently operating in Head Post Office Mahesana, Gujarat - laid

श्रीमती शारदा अनिल पटेल (महेसाणा):महेसाणा प्रधान डाकघर में कार्यरत पासपोर्ट सेवा केंद्र और आधार सेवा केंद्र के लिए ग्राहकों की भारी भीड़ रहती है। आधार सेवा केंद्र और पासपोर्ट सेवा केंद्र में प्रतिदिन 120 पासपोर्ट आवेदन आते हैं। ऐसे में पासपोर्ट सेवा और आधार सेवा के लिए आने वाले नागरिकों के लिए बैठने और उनके वाहनों की पार्किंग के लिए जगह वास्तव में बहुत कम है जिससे काफी परेशानियां का सामना करना पड़ता है। जिस परिसर में महेसाणा प्रधान डाकघर कार्यरत है वह एक आवासीय क्षेत्र है। महेसाणा प्रधान डाकघर में पासपोर्ट सेवा केंद्र, आधार सेवा केंद्र, पोस्ट पेमेंट बैंक के साथ-साथ पोस्ट सेविंग बैंक और डाक सेवा जैसी डाकघर सेवाएं वास्तव में दिन-ब-दिन बढ़ रही हैं। इस प्रधान डाकघर के नजदीक में पोस्टल कॉलोनी भी आई हुई है, जहाँ पर काफी खाली जगह उपलब्ध है। डाकघर के निकट स्थित पोस्टल कॉलोनी में अलग से पासपोर्ट सेवा केंद्र और आधार सेवा केंद्र भवन का निर्माण किया जाए तो हम ग्राहकों को बेहतर सुविधाएं दे सकते हैं। अत: मेरा सरकार से विनम्र निवेदन है कि कॉलोनी के पास के क्षेत्र में अलग से पासपोर्ट सेवा केंद्र और आधार सेवा केंद्र भवन निर्माण करने के लिए उचित कार्रवाई की जाये।